पंजाब केसरी
WED,17 JUNE 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 5

# मैट्रिक और जमा 2 की अनुपूरक परीक्षाएं 3 जुलाई से, शैड्यूल जारी


**■ सुबह के सत्र में पेपर देंगे छात्र, बोर्ड ने जारी किए हैल्पलाइन नंबर**

धर्मशाला, 16 जून (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की मैट्रिक और जमा दो श्रेणी की अनुपूरक परीक्षाओं का शैड्यूल जारी कर दिया है। यह परीक्षाएं आगामी 3 जुलाई से प्रात: कालीन सत्र में सुबह 08:45 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयोजित की जाएंगी।

बोर्ड प्रशासन द्वारा परीक्षा के सफल एवं सुचारू संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही हैं। छात्र अपना विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर जाकर देख सकते हैं। बोर्ड द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार मैट्रिक (नियमित) श्रेणी की अनुपूरक परीक्षाएं 3 जुलाई से 10 जुलाई 2026 तक संचालित की जाएंगी। वहीं जमा दो श्रेणी की अनुपूरक परीक्षाएं 3 जुलाई से शुरू होकर 16 जुलाई 2026 तक चलेंगी।

इन परीक्षाओं में कंपार्टमैंट, इम्प्रूवमैंट, एडीशनल सब्जैक्ट, स्पैशल चांस और डिप्लोमा होल्डर री-अपीयर सहित अन्य सभी अनुमत श्रेणियों के अभ्यर्थी भाग लेंगे। छात्रों की सुविधा के लिए बोर्ड ने जिला एवं श्रेणीवार हैल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं, जिनके माध्यम से परीक्षा से संबंधित किसी भी जानकारी या समस्या का समाधान पाया जा सकता है।

बोर्ड ने उन अभ्यर्थियों को विशेष रूप से सूचित किया है, जिन्होंने किसी अनिवार्य कारणवश पूर्व में आयोजित मुख्य परीक्षाओं में भाग नहीं लिया था या फिर विशेष अवसर के लिए बोर्ड के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया था। ऐसे में सभी अभ्यर्थियों से आग्रह किया गया है कि वे परीक्षा शुरू होने से पहले अपने आवेदन की स्थिति की पुष्टि अवश्य कर लें, ताकि वे निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा केंद्र में उपस्थित हो सकें।



> “ शैक्षणिक सत्र 2025-26 के मैट्रिक और जमा दो के नियमित छात्रों के लिए विभिन्न श्रेणियों की अनुपूरक परीक्षाएं 3 जुलाई से शुरू हो रही हैं। परीक्षा का पूरा शैड्यूल वैबसाइट पर डाल दिया गया है। विशेष अवसर के लिए आवेदन करने वाले छात्र अपनी स्थिति की पुष्टि कर लें। परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए बोर्ड ने पुख्ता इंतजाम किए हैं और जिलावार हैल्पलाइन नंबर भी जारी कर दिए हैं। – डॉ. राजेश शर्मा,
> अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड

Amar Ujala 17-06-2026

# हिमाचल बोर्ड की 10वीं-12वीं की अनुपूरक परीक्षाएं होंगी 3 जुलाई से

## विशेष अवसर वाले विद्यार्थी भी होंगे शामिल, शेड्यूल जारी

अमर उजाला ब्यूरो

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 10वीं और 12वीं कक्षा की अनुपूरक परीक्षाओं का शेड्यूल जारी किया है। ये परीक्षाएं 3 जुलाई से शुरू होंगी। विशेष अवसर वाले विद्यार्थी भी इनमें शामिल हो सकेंगे।

दसवीं कक्षा की परीक्षाएं 3 जुलाई से 10 जुलाई तक चलेंगी। वहीं, 12वीं कक्षा की परीक्षाएं 3 से 16 जुलाई तक होंगी। परीक्षा का समय सुबह 8:45 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित है। बोर्ड के अध्यक्ष राजेश शर्मा ने यह जानकारी दी है। 10वीं कक्षा के प्रश्नपत्र अंग्रेजी, गणित, हिंदी, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा संस्कृत विषयों के लिए ए, बी और सी सीरीज में होंगे।

12वीं कक्षा के लिए अंग्रेजी, गणित, हिंदी, इकोनॉमिक्स, पॉलिटिकल साइंस, हिस्ट्री, फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी, अकाउंटेंसी, बिजनेस स्टडी और संस्कृत विषयों में भी ए, बी और सी सीरीज में प्रश्न पूछे जाएंगे। अन्य सभी विषयों के प्रश्नपत्र भी इसी प्रारूप में होंगे। बहुविकल्पीय प्रश्नों के लिए परीक्षार्थियों को ओएमआर शीट भी मिलेगी।



### 10वीं कक्षा की डेटशीट

दसवीं कक्षा की गणित की परीक्षा 3 जुलाई को होगी। 4 जुलाई को संस्कृत और पंजाबी की परीक्षा है। अंग्रेजी और हिंदी की परीक्षाएं क्रमशः 6 और 7 जुलाई को होंगी। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सामाजिक विज्ञान, होम साइंस, आईटीईएस और कंप्यूटर साइंस की परीक्षाएं 8 से 10 जुलाई तक चलेंगी।

### 12वीं कक्षा की डेटशीट

12वीं कक्षा की अंग्रेजी की परीक्षा 3 जुलाई को है। 4 को अकाउंटेंसी, फिजिक्स और संस्कृत की परीक्षाएं होंगी। इतिहास, बायोलॉजी, पॉलिटिकल साइंस, इकोनॉमिक्स, हिंदी और गणित की परीक्षाएं 6 से 10 जुलाई तक निर्धारित हैं। शेष परीक्षाएं 13 से 16 जुलाई के बीच विभिन्न विषयों के लिए आयोजित की जाएंगी।

## एसपीयू में पीजी कोर्सेज की पहली काउंसलिंग कल

**मंडी।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय (एसपीयू) ने स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग तिथियां जारी की हैं। प्रवेश आधारित पाठ्यक्रमों की पहली काउंसलिंग 18 जून को सुबह 10:30 बजे संबंधित विभागों में होगी। इनमें एमएससी जूलॉजी, बॉटनी, केमिस्ट्री, फिजिक्स, एमए इतिहास और एमसीए शामिल हैं। मेरिट सूची उसी दिन शाम 5 बजे तक प्रदर्शित होगी। मेरिट आधारित पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन 30 जून तक डीन अकादमिक अफेयर्स कार्यालय में जमा होंगे। इनकी पहली काउंसलिंग 1 जुलाई को सुबह 10:30 बजे संबंधित विभागों में होगी। एमए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, एमएससी एनवायरनमेंटल साइंस और एमएससी इंडस्ट्रियल केमिस्ट्री इन पाठ्यक्रमों में हैं। डीन अकादमिक अफेयर्स पवन कुमार चांद ने बताया कि अभ्यर्थियों को सत्यापन के लिए मूल दस्तावेज साथ लाने होंगे। संवाद

Divya Himachal 17-06-2026

# अनुपूरक परीक्षाएं तीन जुलाई से

## दसवीं और 12वीं कक्षा के छात्रों को मौका, स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जारी किया शेड्यूल

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो- धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए मैट्रिक (10वीं) और जमा दो (12वीं) की अनुपूरक (सप्लीमेंट्री) परीक्षाओं का बिगुल फूंक दिया है। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने घोषणा की है कि आगामी तीन जुलाई से इन परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। यह उन हजारों छात्रों के लिए एक बड़ी राहत और सुनहरा अवसर है, जो अपनी पिछली परीक्षाओं में पास नहीं हो सके थे, अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं, या किसी अपरिहार्य कारण से परीक्षा देने से चूक गए थे। बोर्ड द्वारा जारी आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार, सभी अनुपूरक परीक्षाएं प्रातःकालीन सत्र में आयोजित की जाएंगी, जिसका समय सुबह 08:45 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। मैट्रिक (नियमित) श्रेणी की परीक्षाएं तीन जुलाई से दस जुलाई 2026 तक चलेंगी, जबकि जमा दो (नियमित) श्रेणी के छात्रों के लिए ये परीक्षाएं तीन जुलाई से शुरू होकर 16 जुलाई 2026 तक संपन्न होंगी। डा. शर्मा ने स्पष्ट किया कि इन परीक्षाओं में कम्पार्टमेंट, एसेंशियल और ऑप्शनल इंप्रूवमेंट एडिशनल सब्जेक्ट, डिप्लोमा होल्डर री-अपीयर और अन्य अनुमत श्रेणियों के अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे।

### विशेष निर्देश

**बोर्ड ने उन** अभ्यर्थियों को भी विशेष रूप से सतर्क किया है जिन्होंने पहले किसी मजबूरी के चलते परीक्षा छोड़ दी थी या बोर्ड को स्पेशल चांस के लिए आवेदन किया था। बोर्ड अध्यक्ष ने ऐसे सभी परीक्षार्थियों से आग्रह किया है कि वे समय रहते अपने आवेदन की स्थिति (स्टेटस) की पुष्टि कर लें और निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा केंद्र में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें, जिससे अंतिम समय में उन्हें किसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

### हेल्पलाइन नंबर जारी

**परीक्षा के दौरान** या उससे पहले छात्रों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए बोर्ड ने जिला और श्रेणीवार हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। परीक्षार्थी और उनके अभिभावक इन नंबरों पर संपर्क करके परीक्षा से संबंधित अपनी शंकाओं का समाधान और जरूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। डा. राजेश शर्मा ने आश्वासन दिया है कि बोर्ड द्वारा परीक्षाओं के पारदर्शी, सफल और सुचारू संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां और पुख्ता व्यवस्थाएं कर ली गई हैं।

Dainik Bhaskar 17-06-2026

# 3 जुलाई से शुरू होंगी हिमाचल बोर्ड की सप्लीमेंट्री परीक्षाएं, डेटशीट जारी

## कम्पार्टमेंट व इम्प्रूवमेंट छात्रों को मिलेगा मौका

**धर्मशाला|** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की 10वीं और 12वीं कक्षा की अनुपूरक (सप्लीमेंट्री) परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि परीक्षाएं 3 जुलाई 2026 से सुबह 8:45 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होंगी। बोर्ड के अनुसार 10वीं कक्षा की सप्लीमेंट्री परीक्षाएं 3 से 10 जुलाई तक, जबकि 12वीं कक्षा की परीक्षाएं 3 से 16 जुलाई 2026 तक संचालित की जाएंगी। इन परीक्षाओं में कम्पार्टमेंट, इम्प्रूवमेंट, अतिरिक्त विषय, डिप्लोमा धारक री-अपीयर तथा स्पेशल चांस श्रेणी के विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे।

बोर्ड ने स्पेशल चांस के तहत आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को अपने आवेदन की स्थिति समय रहते जांचने और निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर तय समय पर पहुंचने के निर्देश दिए हैं। विद्यार्थियों और अभिभावकों की सुविधा के लिए जिला एवं श्रेणीवार हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं। विस्तृत डेटशीट बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है। बोर्ड ने परीक्षा संचालन की सभी तैयारियां पूरी होने का दावा किया है।

Himachal Dastak 17-06-2026

# प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की मैट्रिक और जमा दो की अनुपूरक परीक्षाएं 3 जुलाई से

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की मैट्रिक एवं जमा दो (नियमित) श्रेणी की अनुपूरक परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि कंपार्टमेंट, एसेंशियल इंप्रूवमेंट, ऑप्शनल इंप्रूवमेंट, स्पेशल चांस, अतिरिक्त विषय, डिप्लोमा होल्डर री-अपीयर तथा अन्य अनुमत श्रेणियों के अभ्यर्थियों की परीक्षाएं प्रातः कालीन सत्र में आयोजित होंगी। बोर्ड के अनुसार, सभी परीक्षाएं सुबह 8.45 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएंगी। मैट्रिक की अनुपूरक परीक्षाएं 3 जुलाई से 10 जुलाई तक, जबकि जमा दो की अनुपूरक परीक्षाएं 3 जुलाई से 16 जुलाई तक संपन्न होंगी। विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। डॉ. राजेश शर्मा ने उन अभ्यर्थियों से भी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा में शामिल होने का आग्रह किया है, जिन्होंने किसी अपरिहार्य कारणवश पूर्व परीक्षा नहीं दी थी या विशेष अवसर (स्पेशल चांस) के लिए आवेदन किया था। उन्होंने कहा कि ऐसे विद्यार्थी अपने आवेदन की स्थिति की पुष्टि कर समय पर परीक्षा केंद्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें। बोर्ड ने अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए जिला एवं श्रेणीवार हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं, जिनके माध्यम से परीक्षा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। साथ ही, परीक्षाओं के शांतिपूर्ण एवं सुचारू संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की बात कही गई है।

Anant Gyan 17-06-2026


# 10वीं व 12वीं की अनुपूरक परीक्षाएं 3 जुलाई से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए मैट्रिक (10वीं) और जमा दो (12वीं) की अनुपूरक (सप्लीमेंट्री) परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि परीक्षाएं 3 जुलाई 2026 से शुरू होंगी। मैट्रिक की परीक्षाएं 3 से 10 जुलाई तक तथा जमा दो की परीक्षाएं 3 से 16 जुलाई 2026 तक चलेंगी। सभी परीक्षाएं सुबह 8:45 से 12:00 बजे तक एकल सत्र में आयोजित की जाएंगी। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि कम्पार्टमेंट, इम्प्रूवमेंट, अतिरिक्त विषय और अन्य श्रेणी के विद्यार्थी इसमें शामिल हो सकेंगे। विस्तृत डेटशीट बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है। बोर्ड ने परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं और सभी तैयारियां पूरी होने का दावा किया है।

JUNE 17, 2026 WEDNESDAY DHARAMSHALA

The Sunny Times

# HP BOARD SUPPLEMENTARY EXAMS LOCK IN JULY 3 START DATE



*Sunny Mahajan | Dharamshala*

The Himachal Pradesh Board of School Education is giving thousands of students a massive lifeline this summer. Board Chairman Dr. Rajesh Sharma announced that the class 10 and 12 supplementary exams are officially set to kick off on July 3, 2026. This comes as a crucial second chance for students looking to clear compartments, boost their scores, or catch up after missing their regular exams due to unavoidable circumstances.

According to the official schedule, students will need to be sharp and early, as all exams will run during the morning shift from 8:45 AM to 12:00 PM. Class 10 regular students will wrap up their papers quickly between July 3 and July 10, while the Class 12 exams will stretch a bit longer, concluding on July 16. The board has confirmed that this high-stakes exam window covers everything from compartments and optional score improvements to additional subjects and diploma holder re-appears, with the full date sheet already live on their official website.

The pressure is especially on for "Special Chance" candidates. Board officials have issued a strict heads-up to these students, urging them to double-check their application status immediately and show up strictly on time to avoid any last-minute chaos or heartbreak. To make sure no student is left stranded, the board has set up dedicated district-wise helplines for quick troubleshooting. Dr. Sharma assured everyone that the board has tightened all nuts and bolts to ensure the entire process is completely transparent, secure, and seamless.

/TheSunnyTimes